राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

जनजातीय क्षेत्रों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित हुई

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में राजभवन में 'एट होम' आयोजित

जयपुर, 15 अगस्त। राजभवन में 15 अगस्त, गुरुवार सायं एट होम का आयोजन हुआ। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में आयोजित हुए एट होम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जनों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित हुए।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने आगंतुकों से मुलाकात कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। एट होम में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सैनिक कल्याण और उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह, सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधिगण, कुलपति, प्रशासन और पुलिस के अधिकारी, न्यायाधीपति गण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

जनजातीय क्षेत्र के उत्पादों की प्रदर्शनी

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के निर्देश पर राजभवन में इस बार नवाचार अपनाते हुए एट होम के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में उत्पादित उत्पादों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत वन धन केन्द्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान इन उत्पादों के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा के जीवन में जनजातीय क्षेत्रों के शुद्ध उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग होगा तो इन क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार होगा। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जनजातीय क्षेत्र उत्पादों की सराहना की।

———